हरिभूमि

# वनांचल भूमि

रायपुर, शुक्रवार 30 मई 2025

[ बस्तर | दंतेवाड़ा | बीजापुर | सुकमा | कांकेर | कोण्डागांव | नारायणपुर ]


तापमान

अधिकतम 33.0 डिग्री

न्यूनतम 24.0 डिग्री

12 कोंडागांव में प्री-मानसून की बारिश से किसानों...



12 डिवाइडर में लगे पेड़-पौधों की नगर पंचायत ने ...




# NEET/JEE में सलेक्शन नहीं तो कोचिंग फीस नहीं: PCI भिलाई

जो छात्र NEET व JEE की तैयारी करना चाहते है उनके लिए जुनुन बैच 2 जुन से प्रारंभ हो रहा है। जिसमें NEET व JEE में चयन होने के बाद फीस लिया जाता है यदि चयन नही हुआ तो फीस नही लगेगा यह केवल 40 बच्चो के लिए ही है। क्योंकि इस बैच में उच्च क्वालिटी के शिक्षक पढ़ायेंगे Zoology डॉ. सुदेश सर 15 वर्ष से अधिक अनुभव व कोटा के नामी शिक्षक है। बायोलॉजी में प्रत्येक वर्ष बहुत सारे छात्र शत प्रतिशत मार्क्स दिला रहे है और डॉ. रोहित सर जो एलेन कोटा में 15 वर्ष से अधिक अनुभव है वे इस बैच मे Botany पढायेंगें । केमेस्ट्री नितिन सर (IIT Delhi) व जे.पी. सिंह सर 20 वर्ष के अनुभव प्राप्त किए हुए शिक्षक पढायेंगे। फिजिक्स आजाद सर (IIT BHU) व आकाश सर (M.Tech) 12 वर्ष अनुभव प्राप्त किए पढ़ायेंगे, गणित दिलीप सर (IIT BHU) 15 वर्ष अनुभव प्राप्त किए पढ़ाएंगे जिसने देश के प्रतिष्ठित संस्थानो में कई बार 100 के अंदर रैंक दिए हुए है वे सब शिक्षक छात्रो को पढ़ाएंगे। छात्रो को प्रत्येक दिन 6 घंटे क्लास व 3 घंटे डाउट क्लास पढ़ाया जाता है। प्रत्येक रविवार को परीक्षा लिया जाता है। स्टडी मेटेरियल, D.P.P. बच्चों को दिया जाता है। यहाँ रहने के लिए छात्रावास भी उपलब्ध है। हर एक प्रतियोगी परीक्षाओं मे अच्छी रैंक हासिल करने के उम्मीद में कोचिंग फीस के रूप में एक बड़ी राशि का भुगतान करना पड़ता है। जिसके बाद सलेक्शन की कोई गारंटी नहीं होती है। लेकिन अब PCI भिलाई से तैयारी करने वाले छात्रो को केवल NEET/JEE में सलेक्सन होने पर यानी NEET के छात्रो को शासकीय कॉलेज की सीट मिलने के बाद और JEE छात्रों को IIT/NIT कॉलेज में सीट मिलने के बाद ही फीस का भुगतान करना होगा। केवल यह 40 छात्रों के लिए ही उपलब्ध है यह कोचिंग सेंटर भिलाई में 177, 178, 179 न्यू सिविक सेंटर में संचालित है अधिक जानकारी के लिए मोबाईल नं. 78801-68887, 83195-71812 पर संपर्क कर सकते हैं।

ADVT.


## खबर संक्षेप

### राज्यपाल आज आएंगे बीजापुर



**बीजापुर।** राज्यपाल रमेन डेका बीजापुर जिले में 30 मई को एक दिवसीय प्रवास पर रहेंगे। इस दौरान कलेक्टोरेट के इन्द्रावती सभाकक्ष प्रशासनिक अधिकारियों की समीक्षा बैठक लेंगे एवं एक पेड़ मां के नाम के तहत पौधरोपण भी करेंगे।

### दिव्यांग सूचित के आवेदन पर मिली सहायता



**जगदलपुर।** सुशासन तिहार के माध्यम से कई जरूरतमंद लोगों की समस्या एवं मांग का तत्काल निदान हो रहा है, जिससे ऐसे आमजन शासन-प्रशासन की त्वरित पहल के प्रति अपनी कृतज्ञता प्रकट कर रहे हैं। शहर के समीपस्थ आड़ावाल निवासी दिव्यांग सूचित पाण्डे अपने आवेदन पर तुरंत लाभान्वित करने के लिए प्रसन्नता व्यक्त करते हुए बताते हैं कि वह बुधवार को कलेक्टर हरिस एस से भेंटकर बैसाखी के बारे में अवगत कराया। इस दौरान उन्होंने तत्काल पहल किए जाने के निर्देश अधिकारियों को दिए और गुरुवार को रेडक्रॉस सोसायटी के माध्यम से मुझे बैसाखी प्रदान किया गया।

### पूर्व सीएम अजीत जोगी की मूर्ति को गिराए जाने पर रोष



**जगदलपुर।** बस्तर अधिकार मुक्ति मोर्चा के प्रमुख संयोजक एवं जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ जे के बस्तर संभाग अध्यक्ष नवनीत चांद ने प्रथम मुख्यमंत्री अजीत जोगी की मूर्ति की चोरी-छुपे गिराने की कड़ी निंदा करते दोषियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की मांग की है। संभाग के सभी जिले के कलेक्टर को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा गया है। यह घटना शासन और समाज के लिए शर्मनाक है। घटना में संलिप्त अपराधियों की शीघ्र पहचान कर उनके विरुद्ध कड़ी से कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाए। राज्य के गोरेला के ज्योतिपुर एवं राज्य के सभी जिले में स्वर्गीय अजीत जोगी की मूर्ति की स्थापना किया जावे साथ ही भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने हेतु प्रभावी सुरक्षा प्रबंध सुनिश्चित किए जाएं। इस दौरान फुटपाथ व्यापारी संघ के पदाधिकारी अध्यक्ष किशोर कुमार उपाध्यक्ष धनंजय कुमार सिंह, श्याम राठैरिया, पूर्णिमा मण्डल, सचिव राजेश गुप्ता, कोषाध्यक्ष दुर्गेश प्रताप सिंह, सह सचिवझघुनेश दीपक, शफीक खान, कार्यकारणी दुर्गेश तीलनते, जितेश शर्मा, मो.नियाज, आलम खान, मो. अरमान शाकिब उपस्थित थे।

### शासकीय उद्यान रोपणी में फलबहार की नीलामी

**बीजापुर।** शासकीय उद्यान रोपणी, गौराबेड़ा भैरमगढ़ में आम फल बहार वर्ष 2025-26 की नीलामी 1 जून को प्रातः 11 बजे से दोपहर 3 बजे तक शासकीय उद्यान रोपणी गौराबेड़ा भैरमगढ़ में किया जावेगा। नीलामी की शर्ते एवं नियम ▶▶| शेष पेज 12 पर

---

**विरोध : कांग्रेसियों ने की केन्द्र व राज्य सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी**

# न्याय यात्रा का हुआ समापन, तीन लेयर की सुरक्षा व्यवस्था तोड़कर मुख्य गेट पर पहुंचे कांग्रेसी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| किरंदुल

- पानी की बौछार कर भीड़ को पुलिस ने किया नियंत्रित
- जल, जंगल, जमीन पर पहला हक आदिवासियों का : बैज





बैलाडीला के खदानों के निजीकरण और पूंजीपतियों को सौंपने के विरोध में कांग्रेस की न्याय यात्रा आज कलेक्टारेट घेराव के साथ समाप्त हुई। न्याय यात्रा की शुरूआत 26 मई को किरन्दुल से शुरू हुई थी, जो करीब 41 किलोमीटर की थी। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज के नेतृत्व में न्याय यात्रा की शुरूआत की गई थी। पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल बचेली पहुंच इस न्याय यात्रा में हिस्सा लिए थे। दीपक बैज ने कहा कि अगला चुनाव तीन साल बाद होना है। हम चुनाव परिणाम के लिए नहीं बल्कि जनता की आवाज बुंलद करने के लिए पदयात्रा कर रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा कि भाजपा सरकार ने बैलाडीला की खदानों को बेच दिया है। बीजापुर में कोरंडम खदान भी बेच दिया है, जबकि सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनी एनएमडीसी पहले से लौह अयस्क की माइनिंग ▶▶| शेष पेज 12 पर

### बैरिकैट तोड़कर घुसे कांग्रेसी

हजारों की संख्या में कलेक्टोरेट घेराव करने पहुंचे कांग्रेसियों ने जमकर उत्पात मचाया। पुलिस की ओर से तीन लेयर में बेरिकेटिंग की गई थी, पर कांग्रेसियों को सुरक्षा घेरा तोड़कर मुख्य गेट के समीप पहुंच गए। इस दौरान कांग्रेसियों पर पानी बौछार भी गई, पर वह भी काम नहीं आया। युवा कांग्रेस जिलाध्यक्ष गणेश दुर्गा एवं महामंत्री विमल सलाम के नेतृत्व में युवाओं ने जमकर नारेबाजी की साथ की बेरीकेट तोडक़र मुख्य दरवाजे तक पहुंचे। पुलिस की भारी संख्या एवं मुस्तैदी के चलते मुख्य गेट पर सभी कार्यकर्ताओं को रोक लिया गया फिर वहीं युवाओं ने जमकर नारेबाजी की।

### पानी बौछार पड़ने पर झूम उठे युवा कांग्रेसी

करीब पांच किलोमीटर की पैदल यात्रा कर कलेक्टोरेट पहुंचे युवाओं ने जैसे ही घेराव करना शुरू किया तो उन पर पानी बौछार कर दी गई। भीषण गर्मी के चलते युवा पानी की बौछार पड़ते ही झूमने लगे और नारेबाजी तेज कर दी। पसीने से लतपथ कांग्रेसी नेताओं ने भी पानी की बौछारों का आंनद लिया। पुलिस द्वारा भीड़ को नियंत्रित करने पानी बौछार की गई थी वह भीषण गर्मी में युवाओं को ठंडक पहुंचाने काफी काम आया।

---

# संवेदनशील व्यक्ति ही बन सकते हैं अच्छे अधिकारी : सीसीएफ



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

- गतिविधियों में प्रथम, द्वितीय स्थान अर्जित करने वाले वनपालों का किया सम्मान
- वनपालों के 65 वां सत्र के कौशल उन्नयन प्रशिक्षण का हुआ दीक्षांत समारोह

एक अच्छे अधिकारी बनने के लिए व्यक्ति को एक अच्छा इंसान भी बनना जरूरी होता है। एक अच्छे इंसान बनने के लिए व्यक्ति को मानवीय संवेदनाओं से परिपूर्ण होना जरूरी होता है तथा एक संवेदनशील व्यक्ति ही अच्छा अधिकारी बन सकता है। साथ ही शरीर का स्वास्थ्य रहना जरूरी है, इसलिए सभी को सुबह उठकर दौड़े, योग करें। उक्त बातें वन विभाग जगदलपुर वृत्त के मुख्य वन संरक्षक आरसी दुग्गा ने शहर के वन विद्यालय में गुरूवार को वनपालों के 65 वां सत्र के कौशल उन्नयन प्रशिक्षण के दीक्षांत समारोह में कहा। कार्यक्रम में वन विद्यालय में प्रशिक्षण ▶▶| शेष पेज 12 पर

### सीखे गुर को फील्ड में दिखाएं

इंद्रावती टायगर रिजर्व जगदलपुर के मुख्य वन संरक्षक (वन्यजीवन) और क्षेत्रीय निदेशक एस. मंडावी ने बताया कि समारोह में कहा कि वनपालों ने प्रशिक्षण में सीखे गुर को फील्ड में दिखाएं। कांगेर घाटी राष्ट्रीय उद्यान के निदेशक नवीन कुमार ने भी समारोह को संबोधित किया।

---

# विवि की स्वायतता का दुरुपयोग, इंटरव्यू की वीडियो रिकॉर्डिंग नहीं करवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

- असफल अभ्यर्थियों ने इंटरव्यू प्रक्रिया को बताया संदेहास्पद



विवि की भर्ती प्रक्रिया में शामिल होने वाले असफल अभ्यर्थियों ने आरोप लगाया है कि विवि ने अपनी स्वायत्तता का दुरुपयोग करते हुए इंटरव्यू की वीडियो रिकॉर्डिंग नहीं करवाई। बिना वीडियो रिकॉर्डिंग के इंटरव्यू कंडक्ट होने पर भी गंभीर सवाल उठ रहे हैं। अब जब असफल होने वाले अभ्यर्थी सफल अभ्यर्थियों के इंटरव्यू के ब्योरा मांग रहे हैं तो उन्हें यह नहीं दिया जा रहा है। इस पर विवि का कहना है कि वह स्वायत्त संस्था है और वह चाहे तो वीडियो रिकॉर्डिंग करवा सकती है और चाहे तो नहीं। इसके लिए उसे बाध्य नहीं किया जा सकता है। अगर किसी विवि में रिकॉर्डिंग करवाई गई है तो वह उनका निर्णय है। असफल अभ्यर्थी बताते हैं कि उनका एकेडमिक रेशियो हाई था। इसके बावजूद उनका चयन नहीं हुआ और साथ ही उनसे इंटरव्यू में ऐसे सवाल पूछे गए ▶▶| शेष पेज 12 पर

**अध्यादेश विनियम के अनुसार**

विश्वविद्यालय में सहायक प्राध्यापक भर्ती की प्रक्रिया विश्वविद्यालय अध्यादेश विनियम एवं यूजीसी रेगुलेतीं 2018 के प्राविधानों के अंतर्गत नियमानुसार किया गया है। भर्ती की प्रक्रिया विवि कार्य परिषद के सदस्यों के समक्ष रखा गया। मिनिट में इंद्राज किया गया। सभी प्रक्रिया के बाद ही नियुक्ति की गई।

**प्रो. मनोज श्रीवास्तव,**
कुलपति शहीद महेंद्र कर्मा
विश्वविद्यालय बस्तर

---

# चिंतागुफा थाना क्षेत्र के बोट्टेतोंग जंगल से नक्सलियों का डंप विस्फोटक बरामद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

- बरामद विस्फोटक में बीजीएल सेल, बॉडी, बॉटम कवर व हेण्ड ग्रेनेड शामिल
- जिला बल व कोबरा बटालियन की संयुक्त टीम को मिली कामयाबी



सुकमा जिले के चिंतागुफा थाना क्षेत्र स्थित बोट्टेतोंग के जंगल से गुरूवार सुबह सुरक्षाबलों ने नक्सलियों द्वारा डंप किया गया, विस्फोटक बरामद किया है। सुरक्षाबलों को नुकसान पहुंचाने नक्सलियों द्वारा जंगल में विस्फोटक डंप किया गया था, जो सुरक्षाबलों की सक्रियता से बरामद किया गया।

जानकारी के मुताबिक नक्सलियों की मौजूदगी की सूचना पर वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देश पर मेट्टागुडा कैंप से जिला बल व कोबरा 203 बटालियन की सयुंक्त टीम रवाना हुई थी। अभियान के दौरान गुरूवार सुबह लगभग 10:30 बजे ग्राम बोट्टेतोंग के जंगल क्षेत्र में नक्सलियों ▶▶| शेष पेज 12 पर

### टीम लौटी सुरक्षित

अभियान में शामिल सभी जवान सुरक्षित है। विस्फोटक बरामद करने के बाद टीम सुरक्षित कैम्प वापस लौट चुकी है। बरामद सामग्री में जीवित बीजीएल सेल 15 नग, बिना विस्फोटक के बीजीएल सेल 17 नग, बीजीएल बॉडी 5-6 इंच का 78 नग, बीजीएल हेड 19 नग, बीजीएल बॉटम कवर 3 नग, टेल यूनिट रिंग 37 नग, टेल यूनिट बनाने वाले पाट्र्स 15 नग के अलावा विस्फोटक रहित हैंड ग्रेनेड व बीजीएल सेल पार्ट एवं अन्य निर्माण सामाग्री बरामद किया गया।

---

# गंगालूर में उपकेन्द्र का शुभारंभ, 4335 घरों को नियमित और बेहतर बिजली सेवा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

- अधिकारियों को दी गई तत्काल समस्या निवारण की जिम्मेदारी





विद्युत कंपनी बस्तर संभाग के सातों जिलों में विभिन्न योजनाओं से हर घर को रोशन करने में जुटा हुआ है, यहां तक उपभोक्ताओं को बेहतर बिजली सेवा देने का प्रयास कर रहा है। इस पर कंपनी के ईडी नक्सल प्रभावित क्षेत्र के गांवों में पहुंचकर उपभोक्ताओं से बिजली की सेवा पर चर्चा कर रहे हैं। बताया जा रहा है कि मुख्यमंत्री अद्योसंरचना विकास योजनांतर्गत ग्राम गंगालुर में 33,11 केव्ही उपकेन्द्र को 28 मई को चार्ज किया गया है। जिसमें गंगालूर क्षेत्र के 40 ग्रामों में 11 केव्ही लाईन 210 किमी, ट्रांसफार्मर 190 नग, एलटी लाईन 51 किमी एवं 4335 उपभोक्ताओं को गुणवत्तापूर्वक नियमित विद्युत आपूर्ती की जाएगी। गंगालूर क्षेत्र 38 ग्रामों को नियद नेल्लानार योजना अंतर्गत विद्युतीकृत किया जा रहा है। साथ ही गंगालूर फीडर चार्ज होने से नुकनपाल में बेहतर बिजली सेवा की, जिससे ग्रामीणों को राहत मिली और बार-बार बिजली बंद होने से छुटकारा मिला। चार्ज के दौरान ईडी के साथ अधीक्षण अभियंता एनके पोयाम, बीजापुर के कार्यपालन अभियंता आदि शामिल रहे।

### डीई, एई, जेई को दिए निर्देश

विद्युत कंपनी जगदलपुर क्षेत्र के कार्यपालक निदेशक एसके ठाकुर ने बताया कि क्षेत्र के डीई, एई, जेई को निर्देश दिया कि ग्रामीणों की शिकायत पर स्थल पर पहुंचे और बिजली संबंधित समस्या का निराकरण करें।

---

**फार्मासिस्टों ने स्वास्थ्य मंत्री, विधायक, कलेक्टर व सीएमएचओ से की शिकायत**

# जिला अस्पताल में रात्रिकालीन ड्यूटी में असमानता से नाराज फार्मासिस्ट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर




शहर के महारानी जिला चिकित्सालय में कार्यरत फार्मासिस्टों ने स्वास्थ्य मंत्री, क्षेत्रीय विधायक, कलेक्टर एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को ज्ञापन देकर फार्मासिस्टों की रात्रि ड्यूटी में असमानता एवं एकल ड्यूटी से उत्पन्न समस्याओं के संबंध में शिकायत की है।

ज्ञापन में बताया कि वर्तमान में अस्पताल में 6 फार्मासिस्ट कार्यरत हैं, जिनमें से केवल 4 फार्मासिस्टों की ही रात्रिकालीन ड्यूटी नियमित रूप से लगाई जाती है। अन्य 2 फार्मासिस्टों को रात्रिकालीन ड्यूटी से पूर्णतः मुक्त रखा गया है। जब इस असमानता के विषय में उच्चाधिकारियों से चर्चा की गई तो बताया गया कि उन्हें मंत्रालय से स्थायी रूप से रात्रिकालीन ड्यूटी से छूट प्रदान की गई है, परंतु इसकी कोई लिखित या आधिकारिक सूचना हमें उपलब्ध नहीं कराई गई हैं।

### नहीं मिली शिकायत

शासकीय महारानी जिला चिकित्सालय के सिविल सर्जन डॉ. संजय प्रसाद ने बताया कि शिकायत नहीं मिली है, शिकायत मिलने पर जांच कर दोषी पर कार्रवाई की जाएगी।

### 12 घंटे करनी पड़ती है रात्रिकालीन ड्यूटी

चार फार्मासिस्टों को एकल रूप से 12-12 घंटे की रात्री ड्यूटी करनी पड़ती है, जिससे शारीरिक, मानसिक एवं पारिवारिक स्तर पर कई प्रकार को कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। इस एकल ड्यूटी में किसी प्रकार का सहयोग नहीं होने के कारण कार्यभार अत्यधिक बढ़ जाता है, जो न केवल हमारी कार्यक्षमता को प्रभावित करता है, बल्कि मरीजों की दवा वितरण व्यवस्था पर भी प्रतिकूल असर डालता है। सभी 6 फार्मासिस्टों की ड्यूटी समान रूप से निर्धारित की जाए। यदि किसी फार्मासिस्ट को मंत्रालय से विशेष छूट प्राप्त है, तो उसकी प्रति हमें भी उपलब्ध कराई जाए। एकल रात्रिकालीन ड्यूटी की व्यवस्था को यथासंभव दो व्यक्तियों की किया जाए, ताकि कार्यभार संतुलित हो सके।

---

# जनता और जनप्रतिनिधियों के बीच संवाद का माध्यम है समाधान शिविर : महापौर



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

समाधान शिविर में महापौर संजय पांडे ने कहा विष्णु देव साय की सरकार संवेदनशील सरकार है। सुशासन तिहार का मुख्य उद्देश्य यही है कि लोगों ने जो समस्याएं लिखित रूप में दी है उसका निराकरण यथा संभव हो। प्राथमिकता के साथ सभी समस्याओं का समाधान शिविर स्थल में ही किया जाए। जनता और जनप्रतिनिधियों के बीच संवाद का माध्यम ही समाधान शिविर है।

जिन शासकीय कर्मचारियों की ड्यूटी समाधान शिविर में लगी है वह सिर्फ पत्राचार ही नहीं कर रहे हैं बल्कि समाधान की दिशा में उचित कार्यवाही भी कर रहे हैं। कर्मचारियों ने पुरी ▶▶| शेष पेज 12 पर

## खबर संक्षेप

### पत्रकार असुरक्षित, बुधराम का तीखा हमला



**कोण्डागांव।** कोंडागांव जिले के बड़े डोंगर साप्ताहिक बाजार में पुलिस द्वारा एक ग्रामीण के साथ मारपीट के मामले ने तूल पकड़ लिया है। इस घटना को उजागर करने वाले पत्रकारों के खिलाफ पुलिस की कार्रवाई को लेकर कांग्रेस ने राज्य सरकार और पुलिस प्रशासन पर कड़ा प्रहार किया है। जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष बुधराम नेताम ने कहा है कि सुशासन के नाम पर चल रही सरकार में अब पत्रकार भी सुरक्षित नहीं हैं। नेताम ने आरोप लगाया कि मारपीट की घटना सामने आने के बाद, पुलिस ने अपनी छवि बचाने के लिए पत्रकारों को ही आरोपी बना दिया है। उनके अनुसार, 10 से 12 मई के बीच इस मुद्दे को मीडिया द्वारा प्रमुखता से उठाया गया लेकिन इसके बाद पुलिस ने पत्रकारों के खिलाफ एफआईआर दर्ज करना और थाने बुलाकर पूछताछ करना शुरू कर दिया। उन्होंने इसे लोकतंत्र पर सीधा हमला बताया। मारपीट की घटना का वीडियो 9 मई को वायरल हुआ था। जिसमें पुलिस एक ग्रामीण से बीच बाजार मारपीट करते दिखी। वीडियो के आधार पर संबंधित सहायक उपपुलिस निरीक्षक को लाइन अटैच किया गया लेकिन नेताम का कहना है कि वर्दी का ऐसा दुरुपयोग कानून और मानवाधिकारों के खिलाफ है। बुधराम नेताम ने इस पूरे प्रकरण को उल्टा चोर कोतवाल को डांटे वाली कहावत से जोडा और आरोप लगाया कि सरकार मीडिया की आवाज को दबाने की कोशिश कर रही है।

### पीएम ज्योति बीमा योजना के तहत मृतक की पत्नी को मिला 2 लाख

**चारामा।** भारतीय स्टेट बैंक शाखा चारामा में 29 मई को प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना के तहत मृतक बीमा धारक स्व. नरेश यादव पिता नारायण यादव निवासी वार्ड क्रमांक 13 चारामा का एसबीआई ब्रांच चारामा में प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना के तहत खाता है। हितग्राही के निधन होने के उपरांत उनकी पत्नी अन्नपूर्णा यादव को दो लाख का चेक जनपद पंचायत चारामा के सीईओ गोपाल सिंह कवंर, एडीशनल सीईओ बेनूराम सुकदेवे, एसबीआई ब्रांच मैनेजर पवन कुमार सिन्हा के द्वारा प्रदान किया गया। इस अवसर पर एसबीआई के स्टाप एवं कियोस्क बैंक की टीम उपस्थित रहे।

### युवक की अज्ञात कारणो से हुई मौत, जांच जारी

**कांकेर।** ताड़ोकी थानांतर्गत आमगांव निवासी 45 वर्षीय सतलाल धनेलिया का सीएचसी अंतागढ़ में मौत हो गई। सीएचसी अंतागढ़ से थाना अंतागढ़ में मर्ग डायरी पेश कर बताया गया कि मृतक की मौत 28 मई को सुबह साढ़े 10 बजें अज्ञात कारणो से हुआ है। पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना में लिया।

# कोंडागांव में प्री-मानसून की बारिश से किसानों को मिली राहत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

कोंडागांव जिले के बड़ेराजपुर विकासखंड समेत आसपास के ग्रामीण अंचलों में बीते तीन दिनों से लगातार बारिश हो रही है, जो प्री–मानसून के संकेत दे रही है। ग्राम हरवेल, बालेंगा, पिढ़ापाल, गम्हरी, धामनपुरी, पिटीसपाल, तितरवंड और किबड़ा सहित कई गांवों में तेज बारिश दर्ज की गई है। हरवेल और पिटीसपाल जैसे क्षेत्रें में सड़क किनारे खेतों में पानी भर गया है। जिससे खेतों और नहरों में जलभराव की स्थिति बन गई है। इससे किसानों को भीषण गर्मी से राहत मिली है।

अलग खबर

**प्री–मानसून की दस्तक : बड़ेराजपुर क्षेत्र में जमकर हुई बारिश**

**रखे ये सावधानी**

तेज हवाओं और गरज–चमक के कारण नागरिकों से अपील की जाती है कि वे असुरक्षित स्थानों, पेड़ों के नीचे या बिजली के खंभों के पास खड़े न हों।



**कृषि के लिए अनुकूल संकेत**

बारिश की यह लहर खरीफ फसलों की तैयारी में जुटे किसानों के लिए राहत लेकर आई है और मिट्टी की नमी में भी वृद्धि हुई है, जो आगामी बुवाई कार्योंर् के लिए अनुकूल मानी जा रही है।

**मौसम विभाग का अनुमान** – मौसम विज्ञान केंद्र के अनुसार, बंगाल की खाड़ी से निचले स्तर पर नमी की आपूर्ति जारी है, जिससे प्रदेश में बारिश हो रही है। विभाग ने आगामी चार दिनों तक प्रदेश के कुछ स्थानों पर हल्की वर्षा के साथ गरज–चमक और अंधड़ की संभावना जताई है।

**गुरुवार की स्थिति** – गुरुवार को कोंडागांव सहित बड़ेराजपुर क्षेत्र में भी गरज–चमक के साथ हल्की बारिश और तेज हवाएं चलीं। मौसम विभाग के अनुसार, ऐसी स्थिति अगले कुछ दिनों तक बनी रह सकती है।

## खबर का असर: नगरवासियों ने हरिभूमि को दिया धन्यवाद

# डिवाइडर में लगे पेड़-पौधों की नगर पंचायत ने की शुरू कटाई-छंटाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फरसगांव

नगर पंचायत क्षेत्र में नेशनल हाईवे के डिवाइडरों पर शहर की सुंदरता और हरियाली बढ़ाने के उद्देश्य से सुगंधित और आकर्षक पेड़-पौधों को लगाये गया है। हालांकि, लंबे समय से इनकी नियमित देखरेख और कटाई-छंटाई नहीं होने के कारण अब ये पौधे काफी बड़े हो गए थे और कई जगहों पर डिवाइडर से निकलकर सड़क पर फैल गए थे।

इस वजह से हाईवे से गुजरने वाले राहगीरों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था, कुछ मामलों में राहगीरों को सड़कों पर फैली डालियों से चोट भी पहुंची है। इतना ही नहीं, पेड़ों की अधिक ऊंचाई और घनत्व के चलते सड़क के एक ओर से दूसरी ओर देख पाना भी मुश्किल हो रहा था , जिससे दुर्घटना की संभावना लगातार बनी हुई थी।





हाईवे डिवाइडर पर फैले पेड़-पौधे बने राहगीरों की मुसीबत

स्थानीय नागरिकों ने समाचार पत्र के माध्यम से बड़े हुए पेड़ पौधों की कटाई छटाई करने की मांग की थी। जिसे हरिभूमि समाचार पत्र में 25 मई रविवार को प्रमुखता से खबर प्रकाशित किया । खबर प्रकाशित होने के बाद को उच्च अधिकारियों ने संज्ञान में लिया जिसके बाद बुधवार से फरसगांव नगर पंचायत के कर्मचारियों द्वारा नेशनल हाइवे के डिवाइडर में लगे पेड़ पौधों की कटाई छंटाई शुरू कर दिया है। अब राहगीरों और नगरवासियों को पहले होने वाली परेशानियों का सामना नहीं करना पड़ेगा, साथ ही पेड़ पौधों से हादसे होने की संभावना भी कम रहेगी। खबर को प्रमुखता से प्रकाशित करने के बाद हुई कार्यवाही के लिए नगरवासियों ने हरिभूमि समाचार पत्र को धन्यवाद ज्ञापित किया है।

# विकसित कृषि संकल्प यात्रा का जिले में हुआ शुभारंभ




हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

विकसित कृषि संकल्प यात्र का जिले में आज बस्तर विकास प्राधिकरण की उपाध्यक्ष और कों डा गां व विधायक सुश्री लता उसेंडी ने ए स डी ए म का र्या ल य परिसर से शुभारंभ किया। इस दौरान उन्होंने आज सुबह तीन किसान रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर कलेक्टर श्रीमती नूपुर राशि पन्ना एवं पूर्व विधायक सेवकराम नेताम भी उपस्थित रहे।

■ विधायक लता उसेंडी ने हरी झंडी दिखाकर किसान रथ को किया रवाना

भारत सरकार कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रलय, नई दिल्ली द्वारा विकसित कृषि संकल्प अभियान का आयोजन 29 मई से 12 जून 2025 तक राष्ट्रीय स्तर पर किया जा रहा है। यह रथ निर्धारित शिविरों में जाकर प्रचार प्रसार करेगी। इस रथ में कृषि, पशुपालन, उद्यानिकी विभाग द्वारा विकसित कृषि संकल्प यात्र में मिलेट्स की खेती को बढ़ावा देने और फसल चक्र परिवर्तन, प्राकृतिक जैविक खेती, उन्नत बीज, उन्नत कृषि यंत्र संतुलित उर्वरक, जल संरक्षण, मूल्य संवर्धन, पशु पालन, मत्स्य पालन, उद्यानिकी फसलों के लिए प्रोत्साहित किया जाएगा।

# अजीत जोगी की मूर्ति खंडित, जनता कांग्रेस और बस्तर अधिकार मुक्ति मोर्चा ने जताई कड़ी निंदा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

छत्तीसगढ़ के प्रथम मुख्यमंत्री और प्रदेश के स्वप्न दृष्टा स्वर्गीय अजीत जोगी की गौरेला–पेंड्रा में स्थापित मूर्ति को अराजक तत्वों द्वारा खंडित कर दिया गया। इस घटना ने पूरे राज्य में आक्रोश की लहर दौड़ा दी है। जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ और बस्तर अधिकार मुक्ति मोर्चा ने इस कृत्य की घोर निंदा करते हुए इसे छत्तीसगढ़ की अस्मिता पर सीधा हमला बताया है।

■ दोषियों पर कार्रवाई की मांग, कोंडागांव कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ के पदाधिकारियों ने स्पष्ट रूप से कहा कि यह घटना दलगत राजनीति से ऊपर उठकर राज्य के पहले मुख्यमंत्री और इतिहास पुरुष का अपमान है। उन्होंने प्रशासन से मांग की कि दोषियों को जल्द से जल्द गिरफ्तार कर उनके खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई की जाए। जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ और बस्तर अधिकार मुक्ति मोर्चा के प्रतिनिधियों ने एक स्वर में कहा कि अजीत जोगी केवल एक राजनीतिक नेता नहीं, बल्कि छत्तीसगढ़ राज्य की भावना और स्वाभिमान के प्रतीक थे। इस तरह की हरकतें छत्तीसगढ़ की धरती पर किसी भी हाल में स्वीकार्य नहीं हैं। यदि प्रशासन द्वारा समय रहते कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया तो उग्र आंदोलन की चेतावनी भी दी गई है।



**ये रहे मौजूद** – आंदोलन के दौरान उपस्थित प्रमुख पदाधिकारियों में संभाग उपाध्यक्ष भारत कौशिक, बस्तर संभाग युवा मोर्चा अध्यक्ष विनोद शोरी, जिला महामंत्री उदय भंडारी, पीलू विश्वकर्मा, चामसिंह कश्यप, अगेश नेताम, चंदन नेताम, भंडारी राम बघेल सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे। छत्तीसगढ़ की जनता इस अपमान को कभी नहीं भूलेगी और न्याय के लिए संघर्ष करती रहेगी।

# फरसगांव में नगरवासियों व जनप्रतिनिधियों ने चलाया स्वच्छता अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फरसगांव

राजमाता अहिल्याबाई होल्कर की 300वीं जयंती पर गुरुवार को फरसगांव नगर पंचायत परिसर के आसपास और अस्पताल परिसर के सामने स्वच्छता अभियान चलाया गया। अभियान के अंतर्गत जनपद स्कूल मैदान में फैली कचरों की साफसफाई की गईं और जैव विविधता को भी संरक्षित करने की दिशा में कदम उठाया गया।



नगर पंचायत फरसगांव अध्यक्ष प्रशांत पत्र ने बताया कि इस स्वछता अभियान में उम्मीद समाजिक संस्था, नगर के जनप्रतिनिधि, अधिकारी कर्मचारी व नगरवासी शामिल हुए. वहीं सफाई के दौरान सभी ने संकल्प लिया कि महीने में 2 दिन स्वच्छता अभियान के तहत नगर के सार्वजनिक भवन, धार्मिक स्थल जैसे जगहों पर श्रमदान कर सफाई अभियान चलाकर स्वच्छता की प्रति कार्य किया जाएगा। जिसके लिये अन्य आम जन को भी इस अभियान में शामिल होने के लिये अपील किया है. स्वच्छता अभियान के दौरान नपं अध्यक्ष प्रशांत पात्र, उपाध्यक्ष मूलचंद पांडे, नपं सीएमओ पवन मेरिया, पार्षद शैल सेठिया, रीता गौतम, संगीता राव, राजकुमारी नेताम, जनक नेताम, विनोद पांडे, नरेंद्र गौर, पार्षद प्रतिनिधि प्रवीण राव, उम्मीद सामाजिक संस्था से फिरोज मेमन, डिक्की जायसवाल, राम कुमार भारद्वाज, विजय साहू, सहित भाजपा के पदाधिकारी, सदस्य, व्यापारिजन, पुलिस के जवान, अस्पताल विभाग के अधिकारी कर्मचारी, नगर पंचायत के कर्मचारी और नगरवासी उपस्थित थे।

## पेज 11 के शेष

### न्याय यात्रा का हुआ...

कर रही है। ऐसे में खदानों को निजी हाथों में सौंपना गलत है। पूर्व विधायक देवती कर्मा ने कहा कि सरकार अपने फायदे के लिए कॉपोरेट घरानों को बस्तर की खनिज संपदा को बेच रही है। पूर्व जिपं अध्यक्ष तुलिका कर्मा ने कहा कि हम इस न्याय यात्रा के माध्यम से केन्द्र और राज्य को बताना चाहते हैं कि आदिवासियों की संस्कृति और परंपरा को हम दबाने नहीं देंगे। जल, जंगल, जमीन पर पहला हक हमारे आदिवासियों का है। वरिष्ठ नेता छविन्द्र कर्मा ने कहा कि सरकार विकास के नाम पर जल, जंगल, जमीन को लुटना चाहती है। खनिज संपदा का दोहन करने के बाद वह आदिवासियों को पूछता तो दूर उनका यहां रहना तक मुश्किल कर देगी। न्याय यात्रा के माध्यम से हम सरकार को चेताना चाहते हैं कि वह आदिवासियों को अकेला ना समझे उनके साथ पूरा कांग्रेस परिवार है। जिला पंचायत सदस्य सुलोचना कर्मा ने कहा कि कांग्रेस खनिज संसाधनों को बचाने सडक़ से संसद तक आदिवासियों के हित में लड़ाई लड़ेगी और आखिर में जीत आदिवासियों की होगी। बस्तर के किसी भी खनिज संपदा का हम निजीकरण नहीं होने देंगे। युवा कांग्रेस जिलाध्यक्ष गणेश दुर्गा ने कहा कि यह तो सिर्फ आगाज है केन्द्र और सरकार अंजाम के लिए तैयार रहे। विकास के नाम पर बस्तर में अशांति फैलाना इनका मुख्य उद्देश्य है। कांग्रेस पार्टी हमेशा बस्तर में शांति-बहाली के लिए आगे रहा है और हमेशा रहेगा।

### संवेदनशील व्यक्ति...

अवधि के दौरान आयोजित क्रीड़ा एवं अन्य गतिविधियों में प्रथम, द्वितीय स्थान अर्जित करने वाले वनपालों का सम्मान भी किया गया। वन विद्यालय के एसडीओ आरएन शोरी ने बताया कि वन विद्यालय जगदलपुर में वनपाल प्रशिक्षण सत्र 65 वें का प्रारंभ 15 अप्रैल से 29 मई को समाप्त हुआ। सत्र में सरगुजा, बिलासपुर, कांकेर, जगदलपुर, रायपुर एवं दुर्ग वृत्त से 25 वनपाल प्रशिक्षणार्थी शामिल हुए। प्रशिक्षणार्थियों को प्रातः कालीन व्यायाम एवं शारीरिक क्षमता विकास हेतु खेलकूद का नियमित अभ्यास कराया जाता है, ताकि बौद्धिक विकास के साथ-साथ उनकी शारीरिक दक्षता, सहनशीलता तथा अनुशासन का विकास हो सके। इसके लिए उपलब्ध संसाधनों के तहत खेल नियमित रूप से कराए जाते हैं। प्रशिक्षणार्थियों को पीटी एवं परेड का अभ्यास नियमित रूप से कराया जाता है। विद्यालय के परिक्षेत्र अधिकारी आरएस कुशवाहा ने कार्यक्रम का संचालन किया।

### विवि की स्वायतता का...

जिनका उनके विषय से कोई संबंध नहीं था। इंटरव्यू के दौरान कुछ अभ्यर्थियों से तो महज तीन सवाल पूछकर उन्हें बाहर भेज दिया गया। कहा जा रहा है कि चयन प्रक्रिया में पूरा खेल इंटरव्यू में हुआ है और इसी में पारदर्शिता नहीं बरती। विवि में लग रहे गंभीर आरोपों को ऐसे कृत्यों से बल मिल रहा है।

### चिंतागुफा थाना क्षेत्र...

के द्वारा सुरक्षा बलों को नुकसान पहुंचाने की नीयत से छुपाकर रखे भारी मात्रा में बीजीएल सेल विस्फोटक सामग्री, बीजीएल सेल निर्माण सामाग्री व अन्य नक्सली सामाग्रियां बरामद किया गया।

### जनता और जनप्रतिनिधियों...

तरह यह प्रयास किया कि जो भी समस्याएं उनके तक पहुंची है, उनका निराकरण तत्काल किया जाए। जिन समस्याओं का समाधान नहीं हो पाया उन्हें तत्काल संबंधित विभाग को भेज दिया गया है। शिविर स्थल में सभी विभागों का स्टाल लगाया गया है और उनके द्वारा विभिन्न योजनाओं की जानकारी भी दी जा रही है। उपरोक्त बातें महापौर संजय पाण्डे ने सुशासन तिहार के मौके पर कही।

सुशासन तिहार के अंतर्गत आज रेलवे कॉलोनी हाई स्कूल में नगर निगम के द्वारा समाधान शिविर का आयोजन किया गया। इस समाधान शिविर में कुल 7 वार्डो को शामिल किया गया था। जिनमें अम्बेडकर वार्ड, स्वामी विवेकानंद वार्ड, ठाकुर अनुकूल देव वार्ड, पंडित सुंदरलाल शर्मा वार्ड,राजीव गांधी वार्ड, संजय गांधी वार्ड और बलीराम कश्यप वार्ड शामिल थे।

**ये रहे उपस्थित**– शिविर में जिलाध्यक्ष वेद प्रकाश पांडे, पूर्व महापौर सफिरा साहू, एमआईसी सदस्य लक्ष्मण झा, सुरेश गुप्ता, संग्राम सिंह राणा, संजय विश्वकर्मा, राणा घोष, त्रिवेणी रंधारी, कलावती कसेर, पार्षद नरसिंह राव, श्याम सुंदर बघेल, हरीश पारेख, पितामह नायक, खगेश ठाकुर, कैलाश नाग, यशवंत ध्रुव, संतोष गौर, गायत्री बघेल,आशा साहू, माया नायक, उर्मिला यादव, पूनम सिन्हा,पारुल बोथरा, गिरजा गुप्ता, ममता पोटाई, कौशल्या क्षत्रिय, केके द्विवेदी, मनोहर दत्त तिवारी, बी जयराम, आरयेंन्द्र सिंह आर्य सहित बड़ी संख्या में भाजपाई मौजूद थे।

**नगर अध्यक्ष ने शिविर का श्रेय शासन-प्रशासन को दी**- नगर मंडल अध्यक्ष प्रकाश झा ने कहा केंद्र सहित प्रदेश में भी भारतीय जनता पार्टी की सरकार है, जो की जनता की समस्याओं को लेकर बेहद गंभीर है। इसका पुरा श्रेय शासन-प्रशासन सहित समस्त अधिकारी कर्मचारी को जाता है। कार्यक्रम के अंत में हितग्राहियों को राशन कार्ड व आयुष्मान कार्ड का वितरण किया गया। वहीं महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा बच्चों का अन्नप्राशन अतिथियों के द्वारा करवाया गया।

**जनता को शिकायत हो तो लिखित देवे**– नगर निगम में स्पीकर खेमसिंह देवांगन ने कहा जनता को किसी भी प्रकार की समस्या है तो वह लिखित रूप में इसकी जानकारी संबंधित विभाग को दें। प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी की सरकार है जो स्वयं जनता के प्रांगण तक पहुंची है। एक माह तक समाधान शिविर लगाया गया, जिसमें कई मामले निपटाए गए। जनता को समस्याओं के लिए भटकना न पड़े

**एमआईसी सदस्य योगेंद्र पांडे ने कहा** –सरकार की संवेदनशीलता का परिचायक है यह समाधान शिविर। जनता को अपनी समस्याओं के लिए भटकना न पड़े इसलिए सरकार ने यह कदम उठाया है। प्रदेश सरकार ने जो वादे किए हैं धीरे-धीरे वह सब पुरे होंगे।

**कर्मचारी ईमानदारी से अपने दायित्वों का निर्वहन कर रहे**- निर्मल पानीग्राही ने कहा सभी कर्मचारियों ने ईमानदारी से अपने दायित्वों का निर्वहन किया है। सभी प्रकार के आवेदन का निराकरण करने का पुरा प्रयास किया गया। राज्य सरकार का एक महत्वपूर्ण अंग है सुशासन तिहार।

**नगर अध्यक्ष ने शिविर का श्रेय शासन-प्रशासन को दी**- नगर मंडल अध्यक्ष प्रकाश झा ने कहा केंद्र सहित प्रदेश में भी भारतीय जनता पार्टी की सरकार है, जो की जनता की समस्याओं को लेकर बेहद गंभीर है। इसका पुरा श्रेय शासन-प्रशासन सहित समस्त अधिकारी कर्मचारी को जाता है। कार्यक्रम के अंत में हितग्राहियों को राशन कार्ड व आयुष्मान कार्ड का वितरण किया गया। वहीं महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा बच्चों का अन्नप्राशन अतिथियों के द्वारा करवाया गया।

### शासकीय उद्यान रोपणी...

कार्यालयीन समय पर अवकाश के दिनों को छोड़कर कार्यालय सहायक संचालक उद्यान जिला बीजापुर के सूचना पटल पर देखी जा सकती हैं।

### शराब बेचने वाले के खिलाफ हुई कार्रवाई

**कांकेर।** गोण्डाहुर और चारामा पुलिस ने छापामार कार्यवाही करते हुए भारी मात्रा में देशी महुआ शराब और देशी प्लेन व अंग्रेजी शराब को जप्त किया। गोण्डाहुर पुलिस ने 28 मई की शाम पीवी 133 में छापामार कार्रवाई करते हुए 52 वर्षीय प्रदीप चौधरी को पकड़ा। शराब कोचिए के कब्जे से 4 लीटर देशी महुआ शराब और नगद 50 रूपएं को जप्त किया। आरोपी के खिलाफ धारा 34 (1) आबकारी एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया। वहीं चारामा पुलिस ने 28 मई की शाम पौने 8 बजें छापामार कार्यवाही करते हुए तेलगरा निवासी 30 वर्षीय डोमार सिंह मंडावी के कब्जे से 4 नग सिम्बा बियर, जिसकी कीमत 800 रूपएं, 12 नग देशी प्लेन शराब कीमत 960 रूपएं कुल 1 हजार 760 रूपएं की शराब को जप्त कर धारा 34 (1) (क) आबकारी एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया।

**न्यायालय तहसीलदार बस्तर, जिला बस्तर (छ.ग.)**
**प्र.क्र. क/ ब 121/24-25**

**उद्घोषणा**

एतद द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका हीरामनी बघेल पति स्व. मंगल बघेल जाति मुरिया निवास ग्राम बस्तर वर्तमान ग्राम बस्तर मृत्यु ग्राम बस्तर जहां मृत्यु दिनांक 17/11/2023 को मृतक मंगल पिता सुकमन की मृत्यु हुआ होना बताया जाकर मृत्यु के संबंध में रिस्ते आवेदिका मृतक मंगल को पति बताते हुए उनका मृत्यु प्रमाण पत्र की मांग किया गया है।

अतः उक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को आवेदन के संबंध में आपत्ति पेश करना हो तो वे नियत तिथि 12/06/2025 तक इस न्यायालय में पेश कर सकते हैं। म्याद पश्चात प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 27/05/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन पद मुद्रा से जारी किया।

मुहर — **तहसीलदार बस्तर**

**समक्षः- श्रीमान अनुविभागीय अधिकारी दण्डाधिकारी कोण्टा, जिला सुकमा (छ.ग.)**

**शपथ-पत्र**

मैं श्रीमती बोडडू लक्ष्मी, पति- श्री. बोडडू रामा, आयु- 22 वर्ष, निवासी- बुरदागुड़ा पारा गगपल्ली, पोस्ट- गगनपल्ली, तहसील दोरनापाल, जिला-सुकमा, छ. ग. पिन कोड न.- 494114, शपथपूर्वक निम्नलिखित कथन अभिव्यक्त करती हूँ किः-

1. यह कि मेरा नाम एंव पता उपरोक्तानुसार है।
2. यह कि मेरे विवाह के पूर्व का मेरा नाम एंव उपनाम कु सोयम लक्ष्मी, पिता- श्री. सोयम एंका रहा है, जो कि मेरे शैक्षणिक प्रमाण-पत्रों एंव मतदाता पहचान,अभिलेखों में अकिंतानुसार सत्य एंव सही है।
3. यह कि विवाह के पूर्व मेरे नाम से जारी आधार कार्ड में मेरा सरनेम- कु. सोयम लक्ष्मी, पिता- श्री. सोयम एंव, अंकित कर दिया गया है।
4. यह कि विवाह के पश्चात मेरा नाम एंव उपनाम मेरे पति के उपनामानुसार श्रीमती बोडडू लक्ष्मी,पति-श्री.बोडडू रामा, दोनों नाम मेरा ही नाम है। किसी अन्य का नाम नही है।
5. यह कि मेरे आधार कार्ड मे मेरे पति के उपनामानुसार कु. सोयम लक्ष्मी के स्थान पर श्रीमती बोडडू लक्ष्मी सुधार कर अंकित कराना चाहती हूँ। मेरा आधार न. 7410 0654 5317 है।
6. यह कि मेरे नाम से जारी आधार कार्ड में सरनेम सुधार करने के समर्थन में यह शपथ-पत्र बनाया गया है।

शपथकर्ता

**सत्यापन**

मैं श्रीमती बोडडू लक्ष्मी,पति-श्री. बोडडू रामा, आयु-22 वर्ष, निवासी- बुरदागुड़ा पारा गगपल्ली, पोस्ट- गगनपल्ली, तहसील- दोरनापाल, जिला-सुकमा, छ.ग. पिन कोड-404114, उपरोक्त शपथकर्ता सत्यापित करती हूँ कि उपरोक्त शपथ-पत्र में वर्णित तथ्य मेरे स्वतः के निजी ज्ञान एंव विश्वास से सत्य एंव सही है। सत्यापन आज दिनांक 28.04.2025 को स्थान कोण्टा में हस्ताक्षर कर सत्यापित किया।

**शपथकर्ता**

## खबर संक्षेप

### मोबाइल मेडिकल यूनिट का सीएमएचओ ने किया निरीक्षण



**बीजापुर।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. बीआर पुजारी द्वारा सीएचएमओ कार्यालय, बीजापुर में एसबीआई संजीवनी मोबाइल मेडिकल यूनिट का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान डॉ. बीआर पुजारी को जानकारी दी गई कि एसबीआई फाउंडेशन द्वारा समर्थित एवं शिखर युवा मंच द्वारा संचालित एसबीआई संजीवनी एमएमयू 28 मई से चयनित 20 ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य शिविरों का संचालन प्रारंभ करेगी। डॉ. पुजारी ने एमएमयू टीम के कार्यों की सराहना की एवं टीम को सेवाओं की गुणवत्ता बनाए रखने हेतु आवश्यक सुझाव भी प्रदान किए। उन्होंने इस पहल को ग्रामीण व दूरस्थ क्षेत्रों में स्वास्थ्य सुविधाएं पहुँचाने की दिशा में एक सकारात्मक कदम बताया।

### गीदम, दंतेवाड़ा, कटेकल्याण, कुआकोंडा में होंगे प्लेसमेंट कैंप

दंतेवाड़ा। जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केंद्र से प्राप्त जानकारी अनुसार प्राप्त रिक्तियों रिक्त 500 पद केवल पुरुष के अनुसार जनपद पंचायत गीदम में 4 जून को, कटेकल्याण में 6 जून को, कुआकोंडा में 9 जून को, तथा दंतेवाड़ा में 12 जून को प्लेसमेंट कैंप का आयोजन प्रातः 11 बजे से शाम 3 बजे तक किया जा रहा है।

### पीड़ित परिवार को 4 लाख की आर्थिक सहायता

**जगदलपुर।** कलेक्टर हरिस एस. द्वारा राजस्व पुस्तक परिपत्र 6-4 के तहत प्राकृतिक आपदा पीड़ित परिवार को 4 लाख रूपए की आर्थिक सहायता राशि प्रदान करने की स्वीकृति दी गई है। जिसके तहत तहसील तोकापाल ग्राम बडे.मोरठपाल निवासी चंदर मौर्य की मृत्यु पानी में डूबने से माता श्रीमति बुके पति स्व. कार्तिक को चार लाख रुपए की सहायता राशि प्रदान करने की स्वीकृति दी गई है। उक्त स्वीकृत सहायता राशि संबंधित हितग्राही के बैंक खाते में अंतरित किए जाने के निर्देश तहसीलदार तोकापाल को दिए गए हैं। गौरतलब है कि आकस्मिक मृत्यु पर शासन की ओर से मृतक परिवार के आश्रित को 4 लाख रूपए देने का प्रावधान है। जिसमें नदी में डूबने पर, गाज गिरने पर, करंट से मौत पर राशि मिलती है।

### जिला पंचायत सामान्य सभा 4 जून को

बीजापुर। जिला पंचायत बीजापुर की सामान्य सभा की बैठक 4 जून को प्रातः 11 बजे जिला पंचायत सभाकक्ष में आहूत की गयी है। बैठक में वन, स्वास्थ्य, आदिवासी विकास, स्कूल शिक्षा विभाग, महिला एवं बाल विकास, कृषि, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी ईत्यादि विभागों के कार्यों की समीक्षा की जावेगी। उक्त बैठक में सभी विभागों के जिला स्तरीय अधिकारियों को अद्यतन जानकारी सहित उपस्थित होने के निर्देश दिए गए हैं। वहीं सांसद, विधायक सहित जिला पंचायत सदस्यों एवं मानद सदस्य सर्व जनपद पंचायत अध्यक्ष को इस बैठक में उपस्थित होने को आग्रह किया गया है।

### विकसित कृषि संकल्प रथ गांव-गांव पहुंकर करेगा जागरूक

# विधायक ने रथ को हरी झंडी दिखाकर ग्राम पंचायतों के लिए किया रवाना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दंतेवाड़ा



छत्तीसगढ़ राज्य के किसानों को आत्मनिर्भर और तकनीकी रूप से सशक्त बनाने हेतु एक ऐतिहासिक कदम के रूप में विकसित कृषि संकल्प अभियान का शुभारंभ दंतेवाड़ा जिले से हुआ। यह पहल कृषि क्षेत्र में नवाचार और वैज्ञानिक पद्धतियों को बढ़ावा देने के साथ किसानों को पारंपरिक खेती से आगे बढ़ाकर आधुनिक कृषि तकनीकों से जोड़ने की दिशा में एक निर्णायक प्रयास है।

इस अभियान के तहत आज कलेक्ट्रेट परिसर से रथ को विधायक चैतराम अटामी, जिला पंचायत अध्यक्ष नंदलाल मुड़ामी एवं अन्य जनप्रतिनिधि सहित कलेक्टर कुणाल दुदावत द्वारा हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया।

इस कार्यक्रम में विधायक अटामी ने कहा कि विकसित कृषि संकल्प अभियान कृषि के क्षेत्र में क्रांतिकारी परिवर्तन लाने का केंद्र और राज्य शासन का संयुक्त प्रयास है। विकसित कृषि संकल्प रथ जिले के गांव-गांव पहुंकर कृषि विभाग सहित उद्यान, मछली पालन एवं पशुपालन विभागों की उन्नत कृषि उन्मूखी योजनाओं के बारे में ग्रामीणों को जानकारी देने के साथ-साथ उनसे लाभान्वित होने के लिए प्रेरित करेगा। इसके साथ ही चयनित ग्रामों में शिविर का आयोजन कर ग्रामीणों को कृषि संबंधी आधुनिक उपकरण प्रदाय किए जाएगें। उन्होंने आशा व्यक्त किया कि जिले में इस अभियान की शुरुआत से ग्रामीण जन निश्चित रूप से इसका लाभ उठाकर जिले को कृषि खेती के पारंपरिक पद्धतियों से आगे बढ़ाकर वैज्ञानिक आधुनिक एवं नवाचार आधारित कृषि जिला बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगें।

मौके पर कलेक्टर कुणाल दुदावत ने कहा कि आज दंतेवाड़ा जिले अंतर्गत शासन के निर्देशानुसार विकसित कृषि संकल्प अभियान के तहत 3 रथ को रवाना किया गया और इसमें उसी प्रकार के पशुपालन विभाग के मोबाइल यूनिट वेन भी शामिल है। ये सभी रथ 78 ग्राम पंचायतों में जाएंगे और कृषि, उद्यान, मछली पालन एवं पशुपालन विभागों की जो शासन द्वारा चलाई योजनाओं के बारे में ग्रामीण को जन जागरूक करेंगी। इसके साथ ही वर्तमान में खरीफ का सीजन को देखते हुए उन्नत तकनीकी से कृषि के क्षेत्र में जैविक खेती को बढ़ावा देना। शासन की प्राथमिकता वाली योजना जैसे मृदा स्वास्थ्य कार्ड, किसान क्रेडिट कार्ड एवं अन्य कृषि संबंधित योजनाओं का लाभ हितग्राहियों को देना इसका प्रमुख उद्देश्य है। हमारा प्रयास रहेगा कि आधुनिक एवं उत्तम तकनीकी कृषि में जिला अग्रणी बने।

ज्ञात हो कि अभियान के तहत जिले में तीन रथों को तैयार किया गया है, जो 15 दिनों के भीतर 78 पंचायतों तक पहुंचेंगे। प्रतिदिन प्रत्येक रथ दो-दो ग्राम पंचायतों में जाकर छह पंचायतों को कवर करेगा। इन शिविरों में किसानों को विभागीय योजनाओं, नवीनतम तकनीकों एवं कृषि संबंधित समस्याओं के समाधान से अवगत कराया जाएगा। इस अभियान में कृषि विभाग, उद्यानिकी, पशुपालन, मछली पालन, कृषि विज्ञान केंद्र, एवं स्थानीय किसान उत्पादक संगठन के जैविक कार्यकर्ता प्रमुख भूमिका निभा रहे हैं। इसके साथ ही विशेषज्ञ वैज्ञानिक एवं प्रशिक्षित कर्मी किसानों को उनकी कृषि समस्याओं का वैज्ञानिक समाधान प्रदान करेंगे। आधुनिक एवं नवाचार आधारित खेती से कृषकों को अधिक से अधिक जोड़ना, कम लागत में अधिक उत्पादन की दिशा में किसानों को सक्षम बनाना, जैविक खेती को प्रोत्साहन एवं मृदा परीक्षण के माध्यम से उपजाऊ भूमि संरक्षण, किसानों की आमदनी में वृद्धि कर उन्हें आर्थिक रूप से सशक्त बनाने के लक्षित बिंदुओं पर आधारित इस अभियान के अन्तर्गत प्रशिक्षण कार्यशालाएं आयोजित कर ग्राम पंचायत स्तर पर वैज्ञानिक खेती, ड्रिप सिंचाई, वर्मी कंपोस्ट, फसल विविधीकरण, मिश्रित खेती, पशुपालन, मत्स्य पालन, मधुमक्खी पालन आदि विषयों पर प्रशिक्षण। डेमो प्लॉट (प्रदर्शन खेत) ग्रामीण क्षेत्रों में तैयार किए गए मॉडल प्लॉट्स में किसानों को नई तकनीकों का सीधा अनुभव लेने का अवसर दिया जाएगा। इसके अलावा डिजिटल सलाह एवं संपर्क मोबाइल ऐप्स और टोल फ्री नंबर के माध्यम से किसानों को निरंतर तकनीकी सलाह एवं मार्गदर्शन प्राप्त होगा। मृदा स्वास्थ्य कार्ड वितरण मृदा परीक्षण के आधार पर जैविक खाद व उर्वरकों की सलाह एवं जागरूकता। सरकारी प्रोत्साहन योजनाएं प्रमाणित बीज, उन्नत कृषि यंत्रों एवं जैविक उत्पादों पर अनुदान व सब्सिडी इस अभियान के तहत दिए जाएगें। इस मौके पर उप संचालक सूरज पंसारी, उप संचालक श्यामा मालवीय सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे।

## समाधान शिविर में किया जा रहा आवेदनों का निराकरण



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बचेली

- राशन कार्ड, आधार अपडेट, राजस्व प्रकरण, आयुष्मान कार्ड का वितरण

शासन की महती योजनाओं का सीधा जनता को लाभ पहुंचाने एवं लोगों को योजनाओं की जानकारी प्रदान करने मुख्यमंत्री विष्णु देव साय एवं उपमुख्यमंत्री अरुण साव का अनुकरणीय पहल सुशासन तिहार का आयोजन किया जा रहा है। सम्पूर्ण छत्तीसगढ़ मे सुशासन तिहार का तृतीय चरण समाधान शिविर आयोजित किया जा रहा है।

जिसकी कड़ी में नगर पालिका बड़े बचेली का छटवां शिविर वार्ड 15 बंगाली केम्प के दुर्गा मंडप में वार्ड 13,14,15 में प्रथम चरण में प्राप्त 64 आवेदन का निराकरण शिविर आयोजित किया गया। जिसमे मुख्य अतिथि के रूप मे जिला पंचायत उपाध्यक्ष अरविन्द कुंजाम, नगर उपाध्यक्ष सतीश प्रेमचंदानी, मण्डल अध्यक्ष अमलेन्दु चक्रवर्ती के द्वारा शासन के योजनाओं का विस्तार से समझाया गया कार्यक्रम मे नविन राशन कार्ड, आधार अपडेट, राजस्व प्रकरण, आयुष्मान कार्ड का वितरण किया गया शिविर मे महिला बाल विकास विभाग द्वारा गोद भराई का कार्यक्रम आयोजित किया गया।

शिविर के मुख्य अतिथि अरविन्द कुंजाम उपाध्यक्ष जिला पंचायत दंतेवाड़ा द्वारा शिविर के प्रत्येक पंडाल में अधिकारियों से सम्पर्क कर योजनाओं को एवं सुशासन तिहार में प्राप्त आवेदनों की जानकारी ली एवं सुझाव दिया गया।

इस शिविर में नगर पालिका के पार्षद दीपक सरकार, पार्षद धंसिंग नाग, पार्षद झिलकी नाग, पार्षद बिना साहू, मुख्य नगर पालिका अधिकारी कृष्णा राव, उप अभियंता संतोष नेगी एवं महिला बाल विकास विभाग, ऊर्जा विभाग, राजस्व विभाग, खाद्य विभाग एवं नगर पालिका के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहें।

## विधायक ने देवी-देवताओं के दर्शन कर सुख समृद्धि की कामना की



हरिभूमि न्यूज ▶▶| गीदम

क्षेत्रीय विधायक चैतराम अटामी अपने समर्थकों के साथ गीदम विकासखंड के ग्राम तुमनार पहुंचे और प्रति वर्ष की भांति आयोजित पारम्परिक मेले में शामिल होकर विभिन्न क्षेत्रों से मेले में शामिल होने आये देवी - देवताओं का स्वागत कर दर्शन किया एवं क्षेत्र की सुख समृद्धि की कामना की। विधायक चैतराम अटामी ने ग्रामीणों से सौजन्य मुलाकात कर कुशलक्षेम जाना, ग्रामीणों ने भी विधायक चैतराम अटामी का आत्मीय स्वागत किया एवं समस्याएं बताई, विधायक चैतराम अटामी ने ग्रामीणों की बातों को गंभीरता से सुना एवं जल्द से जल्द निराकरण करने की बात कही। इस दौरान भाजपा पदाधिकारी, स्थानीय जनप्रतिनिधि व कार्यकर्ता भी मौजूद रहे।

# चुप्पी तोड़ने खुलकर बोलने किया जा रहा प्रेरित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बीजापुर



कलेक्टर संबित मिश्रा के निर्देशन में तथा जिला कार्यक्रम अधिकारी, महिला एवं बाल विकास विभाग के मार्गदर्शन में जिले में माहवारी स्वच्छता प्रबंधन पखवाड़ा का आयोजन किया जा रहा है। विभागीय बैठक के दौरान सभी परियोजना अधिकरियों/पर्यवेक्षकों को गतिविधियां संचालित करने तथा इस अभियान का उद्देश्य माहवारी स्वच्छता के प्रति लोगों को जागरूक करना और समाज में माहवारी से जुड़ी भ्रांतियों को दूर करना है।

पखवाड़ा के अंतर्गत विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें रेड डॉट चौलैंज में स्वयंसेवक बढ़-चढ़कर हिस्सा ले रहे हैं और अपने हाथों में लाल निशान बनाकर प्रचार किया जा रहा है। कार्यक्रम की शुरुआत 15 मई से की गई है, जिसमें सामुदायिक स्तर पर लोगों को माहवारी स्वच्छता के संबंध में जानकारी दी जा रही है। आंगनबाड़ी केंद्रों पर महिलाओं और किशोरी बालिकाओं से इस विषय पर चुप्पी तोड़कर खुलकर बोलने हेतु प्रेरित किया जा रहा है। रेड डॉट चौलैंज को प्रदर्शित करने हेतु अपने हाथों पर लाल डांट बनाकर जागरूकता रैलियो आंगनबाड़ी स्तर पर निकाली जा रही है। दीवारों पर नारा लेखन, भीड़भाड़ वाले स्थानों पर माइकिंग के द्वारा तथा रंगोली कार्यक्रम के माध्यम से प्रत्येक ब्लॉक मे ग्राम पंचायत स्तर पर माहवारी जैसे संवेदनशील विषय पर खुलकर चर्चा की जा रही है, जिससे समाज में माहवारी के प्रति जागरूकता बढ़े और महिलाएं माहवारी के दौरान होने वाली स्वास्थ्य समस्याओं से बच सकें।

इस अभियान में स्वयंसेवकों द्वारा की जा रही सराहनीय कार्य की जा रही है। उन्होंने समाज में माहवारी स्वच्छता के प्रति जागरूकता फैलाने में अहम भूमिका निभाई है। स्वयंसेवक लोगों को यह समझाने का प्रयास कर रहे हैं कि माहवारी एक सामान्य जैविक प्रक्रिया है और इसके दौरान साफ-सफाई का ध्यान रखना बेहद जरूरी है। माहवारी के दौरान स्वच्छता बनाए रखना चाहिए। इस दौरान साफ पानी से नियमित सफाई करना भी जरूरी है।

माहवारी के दौरान उचित पोषण और आराम की भी आवश्यकता होती है ताकि स्वास्थ्य संबंधी परेशानियों से बचा जा सके। जिले में माहवारी स्वच्छता प्रबंधन को लेकर नियमित रूप से जागरूकता हेतु प्रसार करने जिला कार्यक्रम अधिकारी द्वारा कांता मेश्राम द्वारा परियोजना अधिकारी/सेक्टर पर्यवेक्षकों को निर्देशित किया गया की नियमित रूप से महिलाओं, किशोरियों एवं स्कूल कॉलेजों में विभिन्न स्तर के जागरूकता शिविरों में, नियमित रूप से कराने के लिए माहवारी स्वच्छता पर प्रचार-प्रसार किया जाये

# भुखमरी के दौर से गुजर रहे हैं छात्रावासों के बच्चे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बकावंड

- आवंटन की तीसरी किश्त न मिलने से बिगड़े हालात

करीब डेढ़ दर्जन छात्रावासों के सैकड़ों विद्यार्थी भुखमरी के दौर से गुजर रहे हैं। सरकार से मिलने वाली अनुदान राशि की तीसरी किश्त न मिलने से ऐसी नौबत आई है। ये सारे हॉस्टल्स स्वयंसेवी संगठनों द्वारा संचालित हैं।

प्राप्त जानकारी के अनुसार माता रुक्मणि सेवा संस्थान द्वारा संचालित गर्ल्स हॉस्टल डिमरापाल, तोकापाल, मिडिल स्कूल बॉयज हॉस्टल बड़े किलेपाल, मिडिल गर्ल्स आश्रम मूतनपाल बास्तानार एवं मिडिल गर्ल्स आश्रम बास्तनार, पं. मोतीलाल नेहरू प्रायमरी गर्ल्स आश्रम बकावंड समेत करीब 16 आश्रम छात्रावासों का आवंटन रोक दिया गया है। धनाभाव के चलते इन तमाम आश्रमों और छात्रावासों में भोजन बनना लगभग बंद हो गया है। दुकानदारों ने हॉस्टल संचालकों को उधार में राशन देना बंद कर दिया है। किसी हॉस्टल में विद्यार्थियों को दिन में एकबार तो कहीं दो दिन में एकबार भोजन परोसा जा रहा है। सुबह का नाश्ता तो बंद ही कर दिया गया है। इन सभी आश्रम छात्रावासों में अनुसूचित जाति जनजाति के विद्यार्थी रहकर पढ़ाई करते हैं। सूत्रों की मानें तो पालक अपने बच्चों को आश्रम छात्रावासों से निकाल कर घर ले जाने लगे हैं। बताया गया है कि इन आश्रम छात्रावासों में विद्यार्थियों के भोजन, नाश्ता, साबुन आदि के लिए शासन द्वारा फंड उपलब्ध कराया जाता है। शासन ने फंड की तीसरी किस्त रोक दी है। इस वजह से हालात बिगड़ते जा रहे हैं। संचालक परेशान हैं।

**राज्य से आना है आवंटन**

हमने समय पर ही सारी प्रक्रियाएं पूर्ण कर आवंटन प्रस्ताव शासन को भेज दिया है, अब अलाटमेंट रायपुर से आना है।
-गणेश शोरी,
सहायक आयुक्त, आदिम जाति कल्याण विभाग

## किसान रथ को हरी झंडी दिखा कर किया रवाना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बीजापुर



विकसित कृषि संकल्प यात्रा का आज से शुभारंभ हो गया है। कलेक्टोरेट परिसर में जिला पंचायत अध्यक्ष जानकी कोरसा, सीईओ जिला पंचायत हेमंत रमेश नंदनवार एवं अपर कलेक्टर भूपेन्द्र अग्रवाल ने किसान रथ हो हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। उल्लेखनीय है कि भारत सरकार कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय नई दिल्ली के निर्देशानुसार 29 मई से 12 जून तक कुल 13 दिवसीय राष्ट्रीय अभियान विकसित कृषि संकल्प अभियान बीजापुर जिले के चारों विकासखण्ड में चलाए जाने हेतु तीन दलों का गठन किया गया है। जो प्रतिदिन दो-दो गांव कुल 6 गांवों में 13 दिवस में कुल 78 स्थलों पर खरीफ में कृषि कार्य के लिए किसानों के साथ वैज्ञानिक परिचर्चा कर सलाह देंगे। इस अवसर पर एसडीएम बीजापुर जागेश्वर कौशल, उप संचालक कृषि विज्ञान केन्द्र अरूण सकनी, उप संचालक पशुधन विकास एसएस राजपूत, सहायक संचालक मत्स्य दामोदर यालम, सहायक संचालक उद्यान रामचन्द्र राव सहित वरिष्ठ अधिकारीगण मौजूद थे।

## पीएम श्री केन्द्रीय विद्यालय में रचनात्मक भारतीय भाषा का ग्रीष्मकालीन शिविर जारी



हरिभूमि न्यूज ▶▶| गीदम

पीएम श्री केन्द्रीय विद्यालय दंतेवाड़ा में आयोजित भारतीय भाषा ग्रीष्मकालीन शिविर ( बीबीएससी) का क्रमिक आयोजन रोचक और रचनात्मक गतिविधियों के साथ जारी है। द्वितीय दिवस को छात्रों को तेलुगु भाषा में सड़क सुरक्षा नियमों और चिन्हों की जानकारी दी गई। बच्चों ने विभिन्न ट्रैफिक संकेतों के नाम तेलुगु में सीखे तथा उनका दैनिक जीवन में प्रयोग समझा। यह सत्र भाषा के व्यावहारिक प्रयोग पर केंद्रित था। तृतीय दिवस को चित्रकला और रंग भरने की गतिविधियों के माध्यम से तेलुगु भाषा सिखाई गई। छात्रों ने तेलुगु शब्दों के चित्र बनाए और उन्हें रंगों से सजाया, जिससे भाषा अधिगम रुचिकर और स्थायी बन गया।

चतुर्थ दिवस को विद्यार्थियों को मसालों और फलों के नाम तेलुगु भाषा में सिखाए गए। इस सत्र में छात्रों ने तेलुगु में विभिन्न खाद्य पदार्थों के नामों को पहचाना और दोहराया, जिससे उनकी शब्दावली में उल्लेखनीय वृद्धि हुई।

शिविर की जानकारी देते हुए विद्यालय के प्रभारी प्राचार्य किशन लाल मीणा ने कहा कि इस शिविर के माध्यम से छात्रों में भाषाई संवेदनशीलता और जिज्ञासा को बढ़ाना ही हमारा लक्ष्य है।

# युक्तियुक्तकरण और नए सेटअप के विरोध में शालेय शिक्षक संघ दंतेवाड़ा ने भी अपनी उपस्थिति दर्ज कराई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गीदम



विसंगतिपूर्ण युक्तियुक्तकरण और नए सेटअप के विरोध में रायपुर में प्रदेश भर के शिक्षक संगठनों ने विरोध प्रदर्शन कर मंत्रालय का घेराव किया। जिसमें दंतेवाड़ा जिले से शालेय शिक्षक संघ ने भी अपनी जोरदार उपस्थिति दर्ज कराई है।

शिक्षकों ने विसंगति पूर्ण युक्ति उपकरण को निरस्त करने और 2008 के सेटअप को बरकरार रखने की मांग की है और मांगों को नहीं मानने पर शाला प्रवेश उत्सव का बहिष्कार करते हुए बेमियादी आंदोलन की चेतावनी दी है। शिक्षकों ने विसंगति पूर्ण युक्तियुक्तकरण से प्रदेश भर के करीब 10000 स्कूलों को बंद करने के साथ ही करीब 44000 सहायक शिक्षक, शिक्षक, व्याख्याता और प्रधानाध्यापक के पदों को खत्म करने की साजिश रचने का सरकार पर आरोप लगाया है। वहीं शिक्षकों के प्रतिनिधि मंडल को स्कूल शिक्षा सचिव सिध्दार्थ कोमल परदेशी ने चर्चा के लिए बुलाया लेकिन सरकार के अड़ियल रवैये के कारण समस्या का कोई निदान नहीं निकल सका। शिक्षकों ने मांगों को पूरा करने का 2 दिन का अल्टीमेटम दिया है इसके बाद भी मांगे नहीं माने जाने पर 31 मई से संभाग स्तर पर धरना प्रदर्शन की करने की चेतावनी दी है। आंदोलन में इस दौरान दंतेवाड़ा जिलाध्यक्ष संतोष कुमार मिश्र ने दंतेवाड़ा जिले में पोटाकेबिन में पदों के स्वीकृति का मामला भी मुखरता से उठाया है।

इस दौरान दंतेवाड़ा जिले से केशव स्वर्ण, पलकेश सोनी, अंकित गुप्ता, योगेश सोनी, नितिन विश्वकर्मा, राकेश नाग, नितिन देवांगन, पीलाराम चकटिया, मोहित ठाकुर, भोजराम साहू, मोती नेताम, नरसिंह पटेल एवं अन्य साथीयों ने रायपुर में धरना स्थल में अपनी उपस्थिति दर्ज की है।

**न्यायालय नजूल अधिकारी, जगदलपुर जिला बस्तर (छ.ग.)**

रा.प्र.क्र. 173/अ-6/2024-25

**-: उद्घोषणा :-**

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है आवेदिका श्रीमती कमला सागर पति स्व. जलील सागर एवं अन्य निवासी दलपत सागर वार्ड जगदलपुर जिला बस्तर छ.ग. के द्वारा नगर जगदलपुर के मोहल्ला गंगामुण्डापारा स्थित शीट नं.-33, प्लाट नं. 44/1 क्षेत्रफल 6526 वर्गफीट, भू-भाटक 0.97 रुपये की भूमि जीवन सागर पिता जलील सागर, राजू सागर पिता जलील सागर सा.देह. के नाम नजूल मेन्टनेंस खसरा में दर्ज है। उक्त भूमि पर आवेदिकागण द्वारा पिता की मृत्यु उपरांत केवल भाईयों का नाम दर्ज होने एवं बहनों का नाम दर्ज होने से छुट जाने का उल्लेख करते हुए विधिक उत्तराधिकारियों के रूप बहनों का नाम दर्ज करने नामांतरण हेतु भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा -109, 110 के अन्तर्गत आवेदन पत्र इस न्यायालय में स्वयं के माध्यम से प्रस्तुत किया गया है।

उक्त नामांतरण में यदि किसी को भी कोई आपत्ति/दावा हो तो वह स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से दिनांक 12/06/2025 तक इस न्यायालय में आपत्ति/दावा प्रस्तुत कर सकते है। नियत तिथि उपरांत प्राप्त आक्षेप पर कोई सुनवाई नहीं होगी।

आज दिनांक 28/05/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के मोहर से जारी किया गया।

मुहर

नजूल अधिकारी
जगदलपुर

## खबर संक्षेप

### स्व-सेवकों का एक दिवसीय विशेष प्रशिक्षण हुआ



**जगदलपुर।** भारत सरकार के आदेशानुसार छत्तीसगढ़ सरकार के अंतर्गत महानिदेशक, निदेशक अग्निशमन एवं आपातकालीन सेवाएं रायपुर तथा कलेक्टर हरिस एस के मार्गदर्शन में गुरुवार को नगर सेना कार्यालय मे ऑपरेशन सिंदूर के बाद नागरिक सुरक्षा के अंतर्गत देश की सेवा करने आए 200 स्व सेवकों का एक दिवसीय विशेष प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण के दौरान युद्ध एवं आपदा की स्थिति में किस प्रकार से ब्लैक आउट के दौरान आम जनता को जागरुक कर सकते हैं, कैसे उसके प्रभाव से बचाया जा सकता है। चेतावनी सायरन, बजने पर क्या-क्या कार्रवाई होगी और हम क्या-क्या कार्यवाही करके बच सकते हैं । साथ ही आपदा की स्थिति होने पर स्वयं सेवकों को बचाव के 10 आकस्मिक तरीके, विभिन्न प्रकार के गठानें, प्रथमोपचार करने के तरीके जिसमें विभिन्न प्रकार की पट्टीयों को बाँधने के तरीके के बारे में जानकारी दी गई।

### मंगनार में हुआ हर घर जल प्रमाणीकरण उत्सव

**दंतेवाड़ा।** विगत दिवस विकासखंड दंतेवाड़ा के ग्राम पंचायत मंगनार में हर घर जल उत्सव का आयोजन कर ग्राम पंचायत को हर घर जल प्रमाणीकरण प्रमाण पत्र दिया गया। इस अवसर पर लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग द्वारा जल जीवन मिशन अंतर्गत ग्राम जल जागरूकता अभियान संबंधी जानकारी देते हुए ग्राम जल स्वच्छता समिति, जल बहिनी, और प्लंबर के उत्तरदायित्वों की जानकारी देने के साथ-साथ जल जीवन मिशन योजना के संचालन संबंधी ग्रामीण और वार्ड पंच, शिक्षक एवं सरपंच व सचिव द्वारा चर्चा किया गया। इस मौके पर सरपंच द्वारा ग्राम की जल वाहिनियों को एफटीके किट प्रदाय किया गया।

## बस्तर में झमाझम बारिश से खेत हुए लबालब...







**जगदलपुर।** बस्तर में पहली बार मानसून के पहले हुए झमाझम बारिश से खेत–खलिहान पानी से भर गया है। गुरूवार को नानगुर क्षेत्र के प्रवास के दौरान नियानार, जाटम से लेकर नानगुर, बड़ेमुरमा, कैकागढ़, पुसपाल, धनियालूर समेत पूरे इलाके में बुधवार को हुई तेज बारिश से खेत पानी से भर गए हैं। कई खेतों में तो तालाब जैसी स्थिति बन गई है। वहीं कई जगह बारिश से खेत नरम हो गए हैं। जमीन मुलायम होने से गांव के बच्चे कबड्डी खेलते नजर आए। क्षेत्र के किसानों का कहना है कि पानी उतरने के बाद खेत में खाद डालने का काम किया जाएगा। इस समय ऐसी स्थिति नहीं है कि खेत में बैलजोड़ी और ट्रेक्टर के साथ जुताई का काम कर सके। पानी थमने के बाद ही खेती–किसानी का काम जोर पकड़ेगा। छाया : सुरेश रावल

### भोंड में आयोजित समाधान शिविर में वन मंत्री हुए शामिल

# समाधान शिविर में 7111 में से 7106 आवेदनों का हुआ निराकरण

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर



सुशासन को बस्तर जिले के विकासखंड बस्तर और जगदलपुर के ग्राम पंचायतों में समाधान शिविर का आयोजन किया गया। विकासखण्ड बस्तर के समाधान शिविर स्थल भोण्ड (भोण्ड गोठान) में सम्मिलित ग्राम - रोतमा, खोटलापाल, चितलवार, बड़ेचकवा, नदीसागर, पराली,

- बस्तर और जगदलपुर विकासखंड में आयोजित किया गया समाधान शिविर

बोड़नपाल, पल्लीचकवा, झारतराई, लामकेर, सालेमेटा, भोण्ड, मधोता, कुण्डगुड़ा, भाटपाल, भुरसुण्डी, टाकरागुड़ा, आड़ावाल, नारायणपाल, भरनी ग्राम पंचायत को शामिल किया गया। इस क्लस्टर में आयोजित शिविर हेतु 7111 आवेदन प्राप्त हुए थे जिसमें 7106 आवेदनों का निराकरण किया गया है और 5 लंबित हैं। सर्वाधिक आवेदन पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग को मिला था। विकासखण्ड-जगदलपुर के ग्राम जामावाड़ा (बाजार स्थल) में आयोजित शिविर में सम्मिलित ग्राम छोटेजामावाड़ा, बड़े बादाम, छोटे बादाम, जामावाड़ा, काकरवाड़ा, बड़ेबोदल, छोटेबोदल, बिरनपाल, टोंडापाल, नवागुड़ा, बडेमुरमी, छोटेमुरमी, उलनार, चिलकुटी, कोलावाड़ा, मिलकुलवाड़ा, नागलसर, सुरुन्दवाड़ा ग्राम पंचायतों को शामिल किया गया था। इस शिविर हेतु 4404 आवेदन प्राप्त हुए थे जिसमें सभी आवेदनों का निराकरण किया गया है।

वन मंत्री केदार कश्यप ने कहा कि सुशासन तिहार का समाधान शिविर तीसरा और अंतिम पडाव है। इसके पहले चरण में 8-11 अप्रैल तक आप लोंगों से आवेदन प्राप्त किए और दूसरे चरण के तहत प्राप्त आवेदनों का निराकरण विभागों के द्वारा किया गया। मुख्यमंत्री की पहल पर योजना आप तक पहुंचाने का काम किया है, सरकार जनकल्याणकारी योजनाओं क्रियान्वयन की जाँच और जनता की मांग पर निराकरण की स्थिति जायजा लिया गया है। योजनाओं की जानकारी देने हेतु और आप लोंगों की सहयोग के लिए विभाग के अधिकारी है। विकासखंड में आयुष्मान कार्ड बनवाने के लिए ग्रामीण स्तर पर शिविर लगवाएं। प्रधानमंत्री आवास योजना के लिए हमारी सरकार ने राशि जारी कर दिया है, पात्र हितग्राही को योजना का लाभ मिल रहा है। माता-बहन को आगे बढ़ाने के लिए सरकार ने महतारी वंदन योजना का संचालित कर रहे है। मंत्री कश्यप ने लामकेर के लिए आश्रम, भोंड एनीकिट के काम का प्रस्ताव शासन को भेजने की बात कही।

शिविर में जिला पंचायत अध्यक्ष वेदवती कश्यप ने कहा कि सरकार की अच्छी पहल की आमजनों को जन कल्याणकारी योजनों से संबंधित समस्या या मांग के सुशासन तिहार का आयोजन किया जा रहा है। सभी को शिविर में आकर मांग व समस्याओं को प्रशासन और विभाग के समक्ष प्रस्तुत कर लाभ लेना चाहिए। उन्होंने कहा कि विभाग द्वारा जनता को शिविर में योजनाओं की जानकारी दे रहे है ।

कार्यक्रम में बस्तर जनपद पंचायत अध्यक्ष संतोष बघेल, जिला पंचायत और जनपद पंचायत के सदस्य, संबधित ग्रामों के सरपंच सहित अन्य जनप्रतिनिधि, एसडीएम बस्तर, सीईओ जनपद पंचायत सहित अन्य विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे । कार्यक्रम में विभिन्न विभागों के प्राप्त आवेदनों के निराकरण की और विभाग के जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी। साथ ही कार्यक्रम में अतिथियों द्वारा विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों को प्रमाण पत्र और सामग्रियों का वितरण किया गया।

# बोर बनने से तीन वार्ड के लोगों को मिली राहत

### 4 दिन पूर्व खराब हुआ था बोर



हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

महापौर संजय पाण्डेय के निर्देश पर पीएचई सभापति सुरेश गुप्ता की

- 4 दिन से फंसे मोटर को निकाला गया

देखरेख में पंप निकालने का कार्य शुरू हुआ। निगम के लेबर के साथ तकनीशियन कि टीम लगी रही, मगर चार दिन तक सफलता नहीं मिली । एक ओर बोर से पंप नहीं निकल रहा था दूसरीओर इस गर्मी में पानी सप्लाई की बड़ी चुनौती थी।

रमैया वार्ड पार्षद पायल नवीन बोथरा ने भी रमैया, इंदिरा, और दीनदयाल वार्ड में लगभग डेढ़ सौ से अधिक परिवारो को 6 से 7 टैंकर से रोजाना पानी की सप्लाई करवाने में जुटी रही । इस तरह चौथे दिन सभी के प्रयास से सफलता मिली जिसमें 3 वार्ड के लगभग 150 परिवार को पानी मिलना शुरू हो गया। इसमें पीएचई सभापति सुरेश गुप्ता लेबर को काम कराने में लगे रहे ।

# जिला स्तरीय बैडमिंटन स्पर्धा आज से

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

बस्तर जिला बैडमिंटन संघ के तत्वावधान में आयोजित जिला स्तरीय बैडमिंटन स्पर्धा 2025 का शुभारंभ शुक्रवार से हो रहा है। यह स्पर्धा 30 मई से 01 जून तक प्रियदर्शिनी इंदिरा स्टेडियम के इन्डोर

- महापौर व निगम अध्यक्ष करेंगे शुभारंभ

हॉल में संपन्न कराई जाएगी। नगर निगम के महापौर संजय पाण्डे एवं अध्यक्ष खेमसिंह देवांगन कल शाम 6 बजे स्पर्धा का विधिवत शुभारंभ करेंगे।

इस स्पर्धा में बस्तर जिले के विभिन्न विकासखंडों से खिलाड़ी हिस्सा लेंगे। इस तीन दिवसीय स्पर्धा में रोजाना सुबह 10 बजे से रात्रि 9 बजे तक विभिन्न वर्गो के मुकाबले कराएं जाएंगे। स्पर्धा का समापान एवं पुरस्कार वितरण 01 जून की शाम किया जाएगा। मुख्य इवेंट अंडर 13 एवं अंडर 19 ब्यायस सिंगल्स, गर्ल्स सिंगल्स ओपन, ब्यायस सिंगल्स एवं डबल्स ओपन, सीनियर डबल्स चार वर्गो में 35+, 40+, 50+, 55+ में होगा। बस्तर जिला बैडमिंटन संघ के सचिव राजेश त्रिपाठी ने बताया कि किसी भी वर्ग के मुकाबले में न्यूनतम 8 एंट्रीज की आवश्यकता होगी अन्यथा तत्संबंधी वर्ग की प्रतियोगिता को रद्द कर दिया जाएगा। कोई भी खिलाड़ी 3 से ज्यादा वर्गो में भाग लेने की पात्रता नहीं रखेगा। प्रतिभागी खिलाड़ी पूरी यूनिफार्म में रहेगें एवं बैडमिंटन शू अनिवार्य रहेगा। जिला स्तरीय टूर्नामेंट योनेक्स एएस-2 फेदर शटल से खेले जाएंगे। प्रत्येक मुकाबले में विजेता एवं उपविजेता को नगद पुरस्कार, प्रमाण पत्र एवं मेडल बस्तर जिला बैडमिंटन संघ की ओर से दिया जाएगा।

### भाजपा नगर मंडल की नई टीम ने दंतेश्वरी मंदिर पहुंच किये दर्शन



**जगदलपुर।** भारतीय जनता पार्टी के जगदलपुर नगर मंडल (पश्चिम) के नव नियुक्त पदाधिकारीयों ने आज दंतेश्वरी मंदिर पहुंचकर पूजा अर्चना कर आशीर्वाद लिया। नगर मंडल अध्यक्ष प्रकाश झा ने सभी नवनियुक्त पदाधिकारीयो से कहा कि भाजपा के कार्यकर्ता व पदाधिकारी आपसी सामंजस्य स्थापित करते हुये मंडल स्तर पर आने वाले समय में प्रदेश से निर्धारित होने वाले सभी कार्यक्रमों को सुचारू रूप से संचालित करने का प्रयास करेंगे । संगठन को सशक्त बनाने में सभी कार्यकर्ताओं का समर्पण व सहयोग रहा है। एकजुटता के साथ सभी कार्य करेंगे। मंदिर दर्शन करने के दौरान भाजपा नगर मंडल की नवीन टीम में अध्यक्ष प्रकाश झा,उपाध्यक्ष सुधा मिश्रा, योगेश शुक्ला, शशि नाथ पाठक, दशरथ गुप्ता, महामंत्री द्वय संजय चंद्राकर, अतुल सिम्हा,मंत्री अविनाश गौतम, मायारानी बरई, गायत्री कश्यप ,सूर्यभूषण सिंह, कोषाध्यक्ष, आशा साहू, मीडिया प्रभारी बृजेश शर्मा, कार्यालय मंत्री दिलीप सुंदरानी, योगेश ठाकुर उपस्थित रहे।

# धर्मनाथ जिनालाय की 50 वीं वर्षगांठ, हर्षोल्लास के साथ नई ध्वज चढ़ाई गई



हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

शुक्रवार को जैन मंदिर धर्मनाथ जिनालय के स्वर्ण जयंती महोत्सव के मुख्य दिवस में पूरे भक्ति भाव, श्रद्धा व उल्लास के साथ पूजन के साथ नई ध्वजा चढ़ाई गई I जैन परम्परानुसार जिस दिन मंदिर क़ी वर्षगांठ होती है, उस दिन मंदिर में सत्रहभेदी पूजा का आयोजन होता है जिसमें ध्वज पूजा जब होती है तब मंदिर के शिखर में नई ध्वजा चढ़ाई जाती है। आज सुबह सबसे पहले ध्वजा चढ़ाने के लाभार्थी परिवारों के यहाँ से गुरु भगवंतों व समाज के सदस्यों के साथ गाजे बाजे के साथ ध्वजा मंदिर लाई गई। मदिर में विशेष पूजा प्रारम्भ हुई और दोपहर 12.36 बजे ध्वज पूजा के समय सभी नई ध्वजारोहण के साक्षी बने। गुरु भगवंतों के साथ बहुत बड़ी संख्या समाज के स्त्री, पुरुष व बच्चे ध्वजारोहण के समय उपस्थित थे, मंदिर क़ी छत, ज्ञान वल्लभ आराधना हॉल क़ी छत, दादाबाड़ी क़ी छत व आसपास के मकानों क़ी छतों से लोग हर्षित भाव से कार्यक्रम में शामिल हुए। आज का विशेष पूजन करवाने सूरत से निलेश भाई शाह आये थे जिन्होंने पूजा के गहन भावों को समझाते हुए पूजा संपन्न करवाई। आज धर्मनाथ जिनालय व दादाबाड़ी का 51 वां ध्वजारोहण लाभार्थी परिवारों द्वारा संपन्न हुआ।

मंदिर की ध्वजा किशोर कुमार कमलेश कुमार पारख परिवार व दादाबाड़ी क़ी ध्वजा मदनलाल अजीतकुमार पारख परिवार क़ी ओर से चढ़ाई गई। पपु विवेक सागर मसा ने बताया कि जगदलपुर वासियों पर प्रभु धर्मनाथ की असीम कृपा बरस रही है। हमें उनका आशीष प्राप्त करने के लिये उनके पास जाना होगा, उनकी सेवा पूजा भक्ति करनी होगी। प्रभु हमेशा जीवन को शीतल बनाते है।

### ध्वजारोहण में शहर समेत अनेक शहरों से पहुंचे धर्मवलम्बी

आज ध्वजारोहण के पावन प्रसंग में जगदलपुर जैन समाज के साथ कई शहरों से नगरों से धर्मवलम्बी पहुंचे थे। जैन समाज ने महीनों पूर्व दूसरे शहरों में रहने वाली जगदलपुर की बहन बेटियों से निवेदन करना शुरू कर दिया था और इसी कारण बहुत बड़ी संख्या में बहन बेटियों ने भी इस महोत्सव को स्वर्णिम बनाया। जैन श्वेताम्बर समाज व जैन श्वेताम्बर मंदिर ट्रस्ट ने सभी का आभार माना।

### मुंबई के प्रसिद्ध भजन गायक ने भजनों का गंगा बहाया

कल 28 मई की रात्रि में भजन संध्या में प्रसिद्ध भजन गायक पारस गड़ा,मुंबई ने भजनों की गंगा बहा दी, पूरा पंडाल खचाखच भरा हुआ था और लोग भजनों पर झूम रहे थे। उन्होंने आज आनंद अंग अंग जाग्यो, हु बाल तमारो छूँ तमारो वाल चाहूँ छूँ, प्रभु आवसे ने लई जासे, परमात्मा बन जासे मारो आत्मा, तू खूब मने गमे छे मारा व्हाला प्रभु, वारी जाऊं रे बलिहारी जाऊं रे,जय जय गढ़वो गिरनार, अन्तर मा अंतरिक्ष जी, गिरनारे प्रभु नेम छे, सामे जुओ नी म्हारे सामे जुओ जैसे प्रसिद्ध भजनों से सबको भक्ति रस में डुबो दिया था और उनका प्रसिद्ध भजन नेमरस जब गाया तो झूमने से स्वयं को कोई रोक नहीं पाया ।

# महाविद्यालय में हुआ कैंपस प्लेसमेंट 8 विद्यार्थियों को मिला रोजगार

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर



शासकीय काकतीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में 28 मई को एक दिवसीय कैंपस प्लेसमेंट कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया, जिसका उद्देश्य विद्यार्थियों को प्रतिस्पर्धी युग के अनुरूप तैयार करना और उन्हें रोजगार के अवसर

- काकतीय महाविद्यालय में एक दिवसीय कैंपस प्लेसमेंट

प्रदान करना था। इस विशेष कार्यक्रम का आयोजन प्रिज्म कॉलेज,भिलाई के सहयोग से किया गया,जिसमें विशेषज्ञ वक्ता के रूप में संस्था के निदेशक रूपेश कुमार गुप्ता आमंत्रित थे। कार्यक्रम के प्रथम सत्र में गुप्ता ने विद्यार्थियों को प्रतियोगी परीक्षाओं,एप्टीट्यूड टेस्ट,रीजनिंग स्किल,इंटरव्यू के लिए तैयारी, ग्रुप डिस्कशन की तकनीकें तथा कॉर्पोरेट जगत की कार्यसंस्कृति (वर्क कल्चर) से अवगत कराया। उन्होंने छात्रों को यह भी समझाया कि आज की कॉर्पोरेट दुनिया केवल किताबी ज्ञान पर आधारित नहीं है, बल्कि उसमें संचार कौशल, समस्या समाधान क्षमता, टीमवर्क और नेतृत्व क्षमता जैसे गुणों की भी आवश्यकता होती है। उनकी प्रस्तुति प्रेरणादायक और ज्ञानवर्धक रही, जिससे छात्रों को आत्ममूल्यांकन और सुधार की दिशा में स्पष्ट मार्गदर्शन प्राप्त हुआ।

कार्यक्रम समन्वयक डॉ सुशील दत्ता ने भी विद्यार्थियों को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि कैरियर निर्माण केवल डिग्री प्राप्त करने तक सीमित नहीं है, बल्कि उसमें लगातार कौशल वृद्धि, व्यवहारिक ज्ञान और आत्मविश्वास की भी आवश्यकता होती है। इस तरह के आयोजनों से विद्यार्थियों को न केवल प्लेसमेंट के अवसर मिलते हैं बल्कि वे खुद को पेशेवर रूप से विकसित भी कर पाते हैं।

### भविष्य में और अधिक करेंगे रोजगारोन्मुखी केरियर परामर्श

महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ अनिल कुमार श्रीवास्तव ने सभी चयनित विद्यार्थियों को बधाई देते हुए कहा कि यह महज शुरुआत है। हम भविष्य में और भी अधिक रोजगारोन्मुखी, कैरियर परामर्श तथा स्किल डेवलपमेंट कार्यक्रमों का आयोजन नियमित रूप से करते रहेंगे, जिससे हमारे छात्र देशभर में प्रतिस्पर्धा के लिए पूरी तरह सक्षम हो सकें। कार्यक्रम का संचालन प्रो दुर्गेश कोटांगले, प्रो तृप्ति मांडवी एवं प्रो. प्रीति सिंह द्वारा महाविद्यालय के प्लेसमेंट सेल के तत्वावधान में किया गया और छात्रों ने इसमें उत्साहपूर्वक भाग लिया।

# प्रथम मुख्यमंत्री हमेशा हमारे दिलों में रहेंगे : नवनीत



हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

स्वर्गीय अजीत जोगी की पांचवीं पुण्यतिथि बस्तर मुक्ति मोर्चा एवं जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ ने जनता दरबार में मनाई। मोर्चा के प्रमुख संयोजक नवनीत चांद की उपस्थिति में समस्त पदाधिकारी एवं कार्यकताअरं ने छत्तीसगढ़ के प्रथम मुख्यमंत्री को भावपूर्ण स्मरण किया एवं अपनी श्रद्धांजलि अर्पित किया। नवनीत ने कहा कि वे स्वप्न दृष्टा थे छत्तीसगढ़ के ऐतिहासिक पन्नों के साथ लोगों के दिलों में सदैव रहेंगे। उन्होंने कहा कि जगदलपुर में भी स्वर्गीय जोगी की मूर्ति की स्थापना होगी। इस दौरान बस्तर मुक्ति मोर्चा एवं जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ जे के पदाधिकारी के रूप में, मेहताब सिंह, के आकाश जॉन, कृष्ण कुमार, हिमांशु आनंद, प्रिया यादव, सुरेश नाग, मधु नाथ एवं मुक्ति मोर्चा फुटपाथ व्यापारी महासंघ के पदाधिकारी उपस्थित थे।

